**कोहिमा, नागालैंड में नागरिक अभिनंदन समारोह और विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन/शिलान्यास के अवसर पर भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का संबोधन**

कोहिमा : 02.11.2022

इस खूबसूरत राज्य की यात्रा करना मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है। नागालैंड की सरकार और लोगों द्वारा मेरा जो गर्मजोशी से स्वागत किया गया, उससे मैं अभिभूत हूं। आपके प्यार और स्नेह के लिए मैं आप सभी का धन्यवाद करती हूं।

एक महीने से भी कम समय में उत्तर-पूर्व की यह मेरी दूसरी यात्रा है। यह यात्रा क्षेत्र के लोगों के प्रति नई राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को दिखाता है। मुझे खुशी है कि मेरी नागालैंड यात्रा राज्य में शिक्षा, सड़क अवसंरचना और वित्त से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन से जुड़ी है। मुझे विश्वास है कि इन परियोजनाओं से साक्षरता और रहन-सहन आसान होगा और इससे राज्य में पर्यटन और राज्य कि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। मैं राज्यपाल प्रोफेसर जगदीश मुखी जी, मुख्यमंत्री श्री नेफुई रियो जी और उनकी पूरी टीम को इन परियोजनाओं के सफलतापूर्वक पूरा होने पर बधाई देती हूं।

देवियो और सज्जनों,

कुछ ही सप्ताह में नागालैंड राज्य घोषित होने के साठ वर्ष पूरे होने का समारोह मनाएगा। 01 दिसंबर 1963 को नागालैंड के नए राज्य की घोषणा करते हुए, हमारे प्रसिद्ध पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एस. राधाकृष्णन ने नागा लोगों की प्रशंसा की थी। मैं वह उद्धृत करती हूं, "आपके पास न केवल निष्ठा, वीरता और अनुशासन के गुण हैं, बल्कि उद्योग की आदतें, सुंदरता और कलात्मक कौशल की एक सहज भावना है ... मुझे उम्मीद है कि सभी नागा लोग नए अवसरों का पूरा लाभ उठाएंगे और देश में समृद्धि और प्रगति के निर्माण में भागीदारी करेंगे। ”

मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि नागालैंड ने विभिन्न विकास मानकों पर महत्वपूर्ण प्रगति की है। मैं इस अवसर पर सभी उतरोत्तर सरकारों और नागालैंड के लोगों को बधाई देती हूं। नागालैंड राज्य घोषित होने के 60 वर्ष पूरे कर रहा है, मैं आप सभी से एक अधिक समृद्ध और विकसित नागालैंड के लक्ष्य के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करने का आग्रह करती हूं।

देवियो और सज्जनों,

नागालैंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। नागा जनजाति अपनी जीवंत संस्कृति और समृद्ध विरासत के लिए जानी जाती है जो 'विविधता में एकता' के हमारे आदर्श वाक्य का उदाहरण प्रस्तुत करती है। गीत और नृत्य, दावतें और त्यौहार नागा जीवन के अभिन्न अंग हैं। हॉर्नबिल महोत्सव राज्य की रंगबिरंगी और सुंदर संस्कृति को देखने और दिखाने का एक लोकप्रिय मंच बन गया है। मैं हॉर्नबिल महोत्सव की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं देती हूं।

किसी राज्य के विकास के लिए बुनियादी ढांचे का विकास किया जाना  एक प्रमुख मानदंड है। भारत सरकार की 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' पूर्वोत्तर क्षेत्र के समग्र विकास पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत आज कई सड़कों और पुलों के  उद्घाटन से इस  क्षेत्र में कनेक्टिविटी और बढ़ेगी। मैं, इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी और उनकी टीम को बधाई देती हूं।

नागालैंड का ऊर्जस्वी युवा बेहद प्रतिभाशाली और रचनात्मक है। 80 प्रतिशत से अधिक की साक्षरता दर वाले नागालैंड के कुशल युवक और युवतियां, जो अंग्रेजी भाषा की अच्छी जानकारी रखते हैं, पूरे भारत में आईटी, आतिथ्य और अन्य क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। युवाओं को समग्र शिक्षा प्रदान करना ही वह माध्यम है जिससे उन्हें अपनी उनकी वास्तविक क्षमता हासिल करने में मदद मिलेगी। मुझे लड़कियों के लिए कई स्कूलों और छात्रावासों का उद्घाटन करने, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की आधारशिला रखने और 'स्मार्ट क्लासरूम' परियोजना शुरू करने में खुशी हो रही है, इससे राज्य में शिक्षा को और बढ़ावा मिलेगा। मैं केंद्रीय शिक्षा मंत्री, श्री धर्मेंद्र प्रधान जी, जनजातीय कार्य  मंत्री, श्री अर्जुन मुंडा जी, नागालैंड सरकार और इस पहल से जुडे सभी लोगों को इन परियोजनाओं के सफलतापूर्वक पूरा होने के लिए बधाई देती हूं।

मुझे विश्वास है कि कैपिटल कॉम्प्लेक्स में नए ट्रेजरी भवन से सरकारी लेनदेन की सुविधा बढ़ेगी और नागालैंड के लोगों को बेहतर सेवा प्रदान की जा सकेगी।

देवियो और सज्जनों,

नागालैंड वीर योद्धाओं की भूमि है। नागा सैनिकों की अदम्य भावना और साहस को सदा अनुकरणीय माना जाता रहा है। देश को, भारतीय सशस्त्र बलों की सेवा करने वाले नागालैंड के बहादुर पुरुषों और महिलाओं पर गर्व है। नागालैंड के दो महान सपूतों कैप्टन नीकेझाकुओ कैंगुरुसे और सिपाही इम्लियाकुम एओ ने कारगिल युद्ध के दौरान दुश्मन से लड़ने में असाधारण वीरता और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। मैं कल कोहिमा युद्ध कब्रिस्तान जाऊँगी और देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करूंगी।

नागालैंड ग्राम और जनजातीय परिषद अधिनियम 1978 के माध्यम से स्थानीय स्वशासन के अपने पारंपरिक तरीके को संस्थागत रूप देने पर नागालैंड को वास्तव में गर्व होना चाहिए। मुझे बताया गया है कि आज ग्राम परिषद और ग्राम विकास बोर्ड पूरे नागालैंड में विकेंद्रीकृत शासन के प्रामाणित  तरीके हैं। कल जब मैं किगवेमा गांव जाऊँगी तो मुझे यकीन है कि ग्राम परिषद के सदस्यों और वहां के स्वयं सहायता समूहों के साथ बातचीत से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

मुझे यह जानकर भी खुशी हो रही है कि नागालैंड ने सेवा वितरण में सुधार के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों के प्रभावी प्रबंधन के लिए सरकार और समुदाय के बीच साझेदारी बनाने के उद्देश्य से संचार की अग्रणी अवधारणा प्रस्तुत की है।

देवियो और सज्जनों,

नागालैंड में कृषि और कृषि उत्पादों की  बहुत कुछ संभावना  है। मुझे बताया गया है कि नागालैंड में लगभग 70 प्रतिशत कृषि पद्धति पारंपरिक और जैविक कृषि है। दरअसल, पूरे पूर्वोत्तर में देश की ओर्गेनिक फूड बास्केट बनने की क्षमता है। नागालैंड की अच्छी गुणवत्ता वाले कृषि और बागवानी उत्पादों की बाजार में काफी मांग है। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि तीन कृषि उत्पाद - नागा ट्री टोमेटो , नागा खीरा  और नागा मिर्च - जी.आई. टैग प्राप्त उत्पाद हैं। राज्य सरकार द्वारा 'नेचुरली नागालैंड' आउटलेट खोलने से स्थानीय उद्यमियों, किसानों और बुनकरों को पारंपरिक हस्तशिल्प और हथकरघा, सुंदर नागा शॉल और जैविक उत्पादों की किस्मों को बेचने के लिए एक नया मंच प्रदान किया गया है।

देवियो और सज्जनों,

मुझे बताया गया है कि राज्य में महिलाओं की साक्षरता दर राष्ट्रीय औसत से अधिक है और देश में महिलाओं के लिए नागालैंड सबसे सुरक्षित स्थान है। यह नागा समाज में महिलाओं को दिए जाने वाले उच्च सम्मान को दर्शाता है। मैं श्रीमती फांगनोन कोन्याक को नागालैंड से राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने वाली पहली महिला बनने पर बधाई देती हूं। मैं नागालैंड की महिलाओं से आगे आने और सार्वजनिक जीवन में और अधिक भाग लेने का  आग्रह करूंगी। नारी सशक्त होंगी तो समाज का और अधिक विकास होगा। महिलाएं सहानुभूति के साथ, देखभाल के साथ आगे बढ़ें और वे नागालैंड की विकास यात्रा को एक नया आयाम देंगी।

देवियो और सज्जनों,

मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि नागालैंड के लोग आज शांति और समृद्धि, संवाद और विकास के लिए खड़े हैं।

अंत में, मैं फिर से, गर्मजोशी से मेरे अभिनंदन के लिए धन्यवाद करती हूं, वास्तव में इसने  मेरे दिल को छू लिया है। मैं मुख्यमंत्री, श्री नेफुई रियो जी और नागालैंड सरकार - और सबसे ज्यादा नागालैंड की जनता को - गर्मजोशी से मेरे स्वागत और आतिथ्य के लिए धन्यवाद देती हूं। मैं इसे हमेशा स्नेह के साथ याद रखूंगी।

धन्यवाद,

जय हिन्द!

जय भारत!